भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र),
-- x --

234/4, ए0जे0सी0 बोस रोड,
निजाम पैलेस, 18वाँ तल, कोलकाता-20

सं0-22/1/2019-क्षे.का.का.(कोल)/73 दिनांक- 21.01.19

सेवा में,

कार्यालय प्रमुख, कार्यालय कोड- ofor7332
केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय,
भुवनेश्वर

विषय : **संघ की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2017-18 के लिए क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वितरण हेतु वार्षिक सम्मेलन का आयोजन ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत **'ग'** क्षेत्र में संघ सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2017-18 के लिए आपके कार्यालय को **प्रथम** पुरस्कार हेतु चुना गया है । पुरस्कार के लिए चयनित कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों को शील्ड तथा संबंधित राजभाषा अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा ।

अनुरोध है कि शील्ड हेतु **कार्यालय प्रधान** एवं प्रमाणपत्र हेतु **आलोच्य अवधि (वर्ष 2017-18)** के दौरान कार्यरत **राजभाषा से संबंधित अधिकारी** का नाम, पदनाम, दूरभाष (कार्यालय तथा मोबाइल) तथा पूरा पता **हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं** में इस कार्यालय को तत्काल ईमेल ddriokol-dol@nic.in अथवा टेलीफैक्स नं0- 033-22800356 पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को उपर्युक्त सूचना यथा शीघ्र भिजवाई जा सके । **बाद में प्रमाणपत्र में संबंधित अधिकारी के नाम आदि में किसी तरह का परिवर्तन कर पाना संभव नहीं होगा ।**

भवदीय,

(निर्मल कुमार दुबे)
सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं
कार्यालय अध्यक्ष